932

# 825(OD)

## 2020

## सामाजिक विज्ञान

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों क एवं ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।

XXII667

[ Turn over



ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड - क

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. 'यंग इटली सोसाइटी' का संस्थापक कौन था ?
   (क) गैरीबाल्डी
   (ख) बिस्मार्क
   (ग) कावूर
   (घ) मेजिनी। 1

downloaded from StudentSuvidha.com

2. फ्रांस की क्रान्ति हुई
   (क) 1788 ई० में
   (ख) 1789 ई० में
   (ग) 1790 ई० में
   (घ) 1787 ई० में। 1

3. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना हुई
   (क) 1882 ई० में
   (ख) 1884 ई० में
   (ग) 1885 ई० में
   (घ) 1886 ई० में। 1





4. बहुजन समाज पार्टी (B.S.P.) के संस्थापक कौन थे ?
   (क) कांशीराम
   (ख) मायावती
   (ग) शाहूजी महाराज
   (घ) मुलायम सिंह यादव। 1

5. महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन कब आरम्भ किया ?
   (क) 1919 ई० को
   (ख) 1920 ई० को
   (ग) 1922 ई० को
   (घ) 1924 ई० को। 1

6. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं का समावेश है ?
   (क) 20
   (ख) 22
   (ग) 24
   (घ) 26. 1

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. असहयोग आन्दोलन कब और क्यों वापस लिया गया ? 1 + 1

8. समवर्ती सूची के **चार** विषयों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

9. वियना काँग्रेस का सम्मेलन कब और कहाँ हुई ? 1 + 1

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. भारतीय राष्ट्रवाद के उदय के **तीन** कारणों को लिखिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

संघवाद क्या है ? इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 1 + 2

11. राजनीति में जाति किस प्रकार अनेक रूप ले सकती है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

इटली के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले **तीन** नेताओं के नाम लिखिए। 1 + 1 + 1

### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध सरकार का गठन करता है ? व्याख्या कीजिए। 2 + 2 + 2

**अथवा**

भारत में लोकतंत्र की सफलता के लिए किन्हीं **तीन** दशाओं का उल्लेख कीजिए। 2 + 2 + 2

13. महामंदी के कारणों की व्याख्या करें। 6

**अथवा**

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में गाँधी जी के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। 6

### ( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं।

14. (i) वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग काण्ड हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(iii) वह स्थान जहाँ काँग्रेस का 1929 में अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने किसान सत्याग्रह का बिहार में नेतृत्व किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्न मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) दिसम्बर, 1920 ई० में काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ ? 1

(ii) जलियाँवाला बाग काण्ड कहाँ हुआ ? 1

(iii) काँग्रेस का 1929 में अधिवेशन कहाँ हुआ ? 1

(iv) महात्मा गाँधी ने नमक कानून कहाँ तोड़ा ? 1

(v) गाँधी जी ने किसान सत्याग्रह का नेतृत्व बिहार में कहाँ किया ? 1

**खण्ड - ख**

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. पर्वतों पर मृदा अपरदन का साधन है

(क) पवन

(ख) हिमनद

(ग) जल

(घ) पशुचारण। 1

16. निम्नलिखित में से कौन-सी रबी की फसल है ?

(क) धान

(ख) बाजरा

(ग) गेहूँ

(घ) मक्का। 1

17. निम्नलिखित में से कौन-सा गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोत है ?

(क) कोयला

(ख) पेट्रोलियम

(ग) सौर ऊर्जा

(घ) प्राकृतिक गैस। 1



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

18. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज आधारित उद्योग है ?
(क) सीमेण्ट
(ख) सूती वस्त्र
(ग) चीनी
(घ) जूट के सामान। 1

19. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई ?
(क) 1 जनवरी, 1993 में
(ख) 1 जनवरी, 1995 में
(ग) 1 जनवरी, 1990 में
(घ) 1 जनवरी, 1985 में। 1

20. निम्नलिखित में से उत्पादन का साधन है
(क) पूँजी
(ख) लाभ
(ग) सेवाएँ
(घ) कर। 1

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

21. कोडरमा किस राज्य में स्थित है ? यह किस खनिज से सम्बन्धित है ? 1 + 1

22. 'स्वयं सहायता समूह' किसे कहते हैं ? 2

23. 'संगठित क्षेत्र' को परिभाषित कीजिए। 2

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

24. जैव विविधता क्या है ? मानव जीवन में इसकी महत्ता का वर्णन कीजिए। 1 + 2

**अथवा**

खनिज संरक्षण की आवश्यकता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

25. वैश्वीकरण क्या है ? इसका कोई **एक** लाभ बताइए। 2 + 1

**अथवा**

भारत में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए। 1 + 1 + 1

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

26. भारत में विदेशी व्यापार की किन्हीं **तीन** विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 2 + 2 + 2

**अथवा**

पर्यावरणीय प्रदूषण से आप क्या समझते हैं ? उद्योगों से भारत के पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों पर प्रकाश डालिये। 2 + 4

27. भारत के आर्थिक विकास में खनिज आधारित उद्योगों के योगदान की विवेचना कीजिए। 6

**अथवा**

विकसित देशों की किन्हीं **तीन** प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2 + 2 + 2



StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## ( मानचित्र कार्य )

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

28. (i) टेहरी बाँध ■ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) सतपुड़ा पर्वत ⋀⋀ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) सीमेण्ट उद्योग का एक केन्द्र ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) उत्तरी भारत का एक अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा Δ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) मैंगनीज उत्पादन का एक क्षेत्र [++] चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) टेहरी बाँध किस नदी पर बना है ? 1

(ii) दक्षिणी भारत के एक पर्वत का नाम लिखिए। 1

(iii) सीमेण्ट उद्योग के एक प्रमुख केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(iv) पूर्वी भारत के एक अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लिखिए। 1

(v) मैंगनीज उत्पादन के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

---

**825(OD) - 5,00,000**

StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com